## 6. धोखाधड़ी की रोकथाम और पता लगाने संबंधी नीति

कंपनी में धोखाधड़ी की रोकथाम और पता लगाने की नीति उपलब्ध है। यह नीति धोखाधड़ी का पता लगाने और उसकी रोकथाम, उसकी रिपोर्टिंग (यदि पता चला है या संदिग्ध है) और धोखाधड़ी या संदिग्ध धोखाधड़ी से संबंधित मामलों पर निष्पक्ष व्यवहार के लिए एक प्रणाली उपलब्ध कराती है जिसमें कर्मचारियों के साथ–साथ विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों, परामर्शदाताओं, सेवा प्रदाताओं, या एनएचपीसी के साथ किसी भी प्रकार का व्यवसाय कर रहे किसी अन्य पक्षकार के प्रतिनिधि शामिल हैं। धोखाधड़ी या संदिग्ध धोखाधड़ी की सभी रिपोर्टों की अत्यधिक प्राथमिकता के साथ जांच की जाती है।

परियोजनाओं/पावर स्टेशनों/यूनिटों के प्रमुख और कारपोरेट कार्यालय में विभाग प्रमुख (आंतरिक लेखापरीक्षा) को संबंधित स्थलों हेतु नीति के अंतर्गत नोडल अधिकारियों के रूप में नामित किया गया है।

## 7. एनएचपीसी लिमिटेड की प्रतिभूतियों में आंतरिक व्यापार को रोकने हेतु संहिता

समय–समय पर यथासंशोधित सेबी (आंतरिक व्यापार का प्रतिषेध) विनियम, 2015 की अपेक्षाओं के अनुपालन में, कंपनी ने "निर्दिष्ट व्यक्तियों और निर्दिष्ट व्यक्तियों के निकटतम संबंधियों एवं आंतरिक द्वारा व्यापार के नियंत्रण, निगरानी तथा सूचना हेतु आचार संहिता" तथा "अप्रकाशित मूल्य संवेदी सूचना के निष्पक्ष प्रकटन परिपाटियों और प्रक्रियाओं संबंधी संहिता" तैयार और कार्यान्वित की है, जिसका उद्देश्य यह है कि 'निर्दिष्ट व्यक्ति' कंपनी के संबंध में अप्रकाशित मूल्य संवेदी सूचना तक पहुंच और उसके कब्जे से कोई लाभ प्राप्त नहीं करेंगे, जो सार्वजनिक पटल पर नहीं है और इस प्रकार आंतरिक सूचना बनती है।

यह संहिता कंपनी की वेबसाइट पर लिंक https://www.nhpcindia.com/assests/pzi_public/gallery/1736167292.pdf vkSj https://www.nhpcindia.com/assests/ pzi_public/ gallery/1749556589.pdf पर उपलब्ध है:

## 8. निदेशकों का पारिश्रमिक

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सहित कार्यात्मक निदेशकों की नियुक्ति, कार्यकाल और पारिश्रमिक का निर्धारण भारत सरकार द्वारा किया जाता है। सरकारी नामिती निदेशक को कंपनी द्वारा किसी पारिश्रमिक/बैठक शुल्क का भुगतान नहीं किया जाता है। लोक उद्यम विभाग के दिशा–निर्देशों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 और समय–समय पर जारी कार्यालय ज्ञापनों के अनुसार कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत विहित सीमा के भीतर स्वतंत्र निदेशकों को देय बैठक शुल्क निर्धारित करने के लिए प्राधिकृत है।

वर्तमान में, स्वतंत्र निदेशकों को बोर्ड की प्रत्येक बैठक में भाग लेने के लिए 40,000/– रुपए और समितियों की प्रत्येक बैठक में भाग लेने के लिए 30,000/– रुपए के बैठक शुल्क का भुगतान किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान कंपनी के कार्यात्मक निदेशकों को भुगतान किए गए पारिश्रमिक तथा बोर्ड और इसकी समितियों की बैठकों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र निदेशकों को भुगतान किए गए बैठक शुल्क के ब्यौरे क्रमशः **तालिका–क** और **तालिका–ख** में दिए गए हैं।

**तालिका कः वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान कार्यात्मक निदेशकों का पारिश्रमिक**

(राशि रूपए में)

| निदेशक का नाम | पदनाम | वेतन | हितलाभ* | कार्य–निष्पादन संबंधी वेतन (पीआरपी) | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| श्री राज कुमार चौधरी[1] | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक | 77,61,581 | 16,26,831 | 11,49,836 | 1,05,38,248 |
| श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल[2] | निदेशक (वित्त) और सीएफओ | 72,78,408 | 13,24,658 | 11,78,957 | 97,82,023 |
| श्री उत्तम लाल | निदेशक (कार्मिक) | 72,74,600 | 12,94,793 | 9,16,225 | 94,85, 618 |
| श्री संजय कुमार सिंह[3] | निदेशक (परियोजनाएं) और निदेशक (तकनीकी) का अतिरिक्त प्रभार | 41,99,524 | 7,65,011 | शून्य | 49,64,535 |

*लाभों में परिलब्धियां, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, ईपीएफ, सामाजिक सुरक्षा योजना और पेंशन निधि (समान अंशदान), छुट्टी नकदीकरण, ग्रेच्युटी आदि शामिल हैं, जिन्हें वेतन में शामिल नहीं किया गया था।

[1]दिनांक 07.08.2024 से अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रुप में नियुक्त किए गए और इससे पूर्व वे निदेशक (तकनीकी) के पद पर कार्यरत रहे तथा निदेशक (परियोजनाएं) का अतिरिक्त प्रभार संभाला।

[2]दिनांक 07.08.2024 तक अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाला।

[3]दिनांक 24.07.2024 से निदेशक (परियोजनाएं) के रुप में नियुक्त किए गए और दिनांक 08.08.2024 से निदेशक (तकनीकी) का अतिरिक्त प्रभार संभाला।

**टिप्पणियां:**

1. कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान कोई स्टॉक विकल्प नहीं दिया था। इसके अतिरिक्त, सूचना अवधि और विच्छेद शुल्क, यदि कोई हो, सहित कार्यात्मक निदेशकों/निदेशकों की सेवा शर्तें भारत सरकार द्वारा जारी निबंधन एवं शर्तों के अनुसार शासित होती हैं।
2. उपरोक्त के अलावा, कार्यात्मक निदेशक भी कंपनी के लागू नियमों के अनुसार चिकित्सा लाभ हेतु पात्र हैं।

**तालिका ख – वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान आयोजित बैठकों के लिए स्वतंत्र निदेशकों को अदा किए गए बैठक शुल्क के ब्यौरे**

(राशि रूपए में)

| स्वतंत्र निदेशक का नाम | बैठक शुल्क | | |
|---|---|---|---|
| | बोर्ड बैठक | स्वतंत्र निदेशकों की बैठकों सहित समिति की बैठकें | कुल |
| डॉ. उदय सखाराम निर्गुडकर[1] | 3,20,000 | 3,30,000 | 6,50,000 |
| डॉ. रश्मि शर्मा रावल[2] | 3,20,000 | 3,30,000 | 6,50,000 |
| डॉ. अमित कंसल[2] | 3,20,000 | 5,10,000 | 8,30,000 |
| श्री जीजी जोसफ[2] | 3,20,000 | 2,40,000 | 5,60,000 |
| श्री प्रेमकुमार गोवर्थनन | 4,80,000 | 5,10,000 | 9,90,000 |

टिप्पणी: बैठक शुल्क के अतिरिक्त, स्वतंत्र निदेशकों को बोर्ड/समितियों की बैठकों में भाग लेने और कार्यालयी परियोजना दौरों के लिए भोजन /आवास/वाहन व्यय की भी प्रतिपूर्ति की जाती है। बैठक शुल्क की राशि में कंपनी द्वारा पूर्ण वापसी प्रभार तंत्र के अंतर्गत बैठक शुल्क पर अदा किए गए कर की राशि शामिल नहीं है।

[1]नामांकन और पारिश्रमिक समिति के अध्यक्ष होने के नाते, उन्हें विभागीय पदोन्नति समितियों (डीपीसी) के सदस्य के रूप में शामिल किया गया और उन्हें मानदेय भी दिया गया था। दिनांक 08.11.2024 से स्वतंत्र निदेशक के पद पर नहीं रहे।

[2]दिनांक 10.11.2024 से स्वतंत्र निदेशक के पद पर नही रहे।

ऊपर यथा–उल्लिखित को छोड़कर, वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान गैर–कार्यकारी निदेशकों का कंपनी के साथ कोई आर्थिक संबंध या लेनदेन नहीं है।

स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की निबंधन एवं शर्तें कंपनी की वेबसाइट पर https://www.nhpcindia.com/welcome/page/132 पर उपलब्ध हैं।

## 9. सामान्य बैठकें:

**वार्षिक आम बैठक**

पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों की तारीख, समय और स्थान तथा उनमें पारित विशेष संकल्पों का ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:

| वित्तीय वर्ष | दिनांक | समय | स्थान | पारित विशेष प्रस्ताव |
|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 28 अगस्त, 2024 | अपराह्न 02:30 बजे | वीडियो कांफ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से आयोजित बैठक | क) कंपनी की उधार सीमा को 40,000 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपए करना।<br>ख) कंपनी की चल और अचल संपत्तियों पर बंधक और/अथवा प्रभार सृजित करना। |
| 2022-23 | 31 अगस्त, 2023 | अपराह्न 03:00 बजे | वीडियो कांफ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो वीडियो माध्यमों से आयोजित बैठक | डॉ. उदय सखाराम निर्गुडकर (डीआईएन: 10064794) को कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करना। |